अमर उजाला
05-03-2023

# रैली निकाल एड्स के खिलाफ किया जागरूक



जीएमएन कालेज में रैली को झंडी दिखाता स्टाफ।

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज छावनी में एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता और राजनीतिक विज्ञान विभाग के नेतृत्व में हरी झंडी देकर रैली को रवाना किया। प्राचार्य ने कहा कि जीएमएन कॉलेज विद्यार्थियों में शिक्षा और संस्कारों के साथ-साथ सामाजिक चेतना के लिए भी वचनबद्ध है। महाविद्यालय में ऐसी जागरूकता के लिए रैली, नुक्कड़ कार्यक्रम, पोस्टर मेकिंग इत्यादि कार्यों के माध्यम से पहल करता है, जिससे कि सामाजिक बुराइयों का अंत हो और एक सभ्य तथा आदर्श समाज की स्थापना संभव हो सके।

## जीएमएन कॉलेज में किया गया आयोजन

विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस नैन ने बताया कि यह रैली कौटिल्य सब्जेक्ट सोसायटी के बैनर नीचे आयोजित की गई, जिसके नोडल ऑफिसर डॉ.राकेश कुमार हैं। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन सोसायटी के चयनित सदस्य करते हैं और सामाजिक चेतना व राष्ट्र निर्माण में किसी ना किसी प्रकार से अपनी सहभागिता स्थापित करते हैं। इस रैली में विभागाध्यक्ष डॉ.एसएस नैन, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. सरोज बाला, डॉ. तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह और विशाल तनेजा मौजूद रहे। संवाद